Accredited 'A' Grade by NAAC
SMS VARANASI SCHOOL OF MANAGEMENT SCIENCES
An Autonomous College
Approved by : AICTE, Ministry of Education, Govt. of India
Affiliated to : AKTU, Lucknow & MGKVP, Varanasi

Date : 31.03.2022

NOTICE

Saving of Electricity is a matter of National Interest. In this context Smt. Anandiben Patel, Hon'ble Governor of Uttar Pradesh has appealed to the members of Universities and Colleges to put best endeavor to save at least **20% Electricity at Institutional level.** She has suggested ensuring that ACs, Fans, Lights etc. are switched off, while chambers, labs, classrooms etc. are not in use.

We have instructed our support staffs to strictly follow the advice. We request all concerned for active involvement and co-operation for the same.

(Director)

CAMPUS : KHUSHIPUR (MOHAN SARAI-MUGHAL SARAI BYPASS), P.O. - BACHHAON, VARANASI-221011 • **Phone:**7052055555, 8953761666, 8953940777
CITY OFFICE : 6th FLOOR, VINAYAK PLAZA, MALDAHIYA CROSSING, VARANASI – 221002, • **Phone:** 8400277770
E-mail: info@smsvaranasi.com • **Visit us:** www.smsvaranasi.com

Dainik Jagran 30/03/2022

राजभवन बचा रहा 30 प्रतिशत बिजली, विवि बचाएं 20 प्रतिशत

आयोजन

- डा. आंबेडकर विवि के दीक्षा समारोह में राज्यपाल ने दी सीख
- बोलीं, कुलपति से लेकर विद्यार्थी तक को निभानी होगी जिम्मेदारी

जागरण संवाददाता, आगरा: कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने ऊर्जा बचत और जल संचयन पर मंगलवार को राज्य के विश्वविद्यालयों को सीख दी। कहा कि राजभवन 30 प्रतिशत बिजली की बचत कर रहा है। विश्वविद्यालयों को भी कम से कम 20 प्रतिशत बचत करना होगा। इसके लिए कुलपति से लेकर विद्यार्थी तक को जिम्मेदारी निभानी होगी।

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल यहां डा. आंबेडकर विवि के दीक्षा समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि बिजली बचत के लिए एक बल्ब-एक स्विच का माडल अपनाना होगा। ऐसा नहीं कि एक स्विच आन करें और कई बल्ब जल जाएं। बिजली बचत का तरीका भी बताया। कहा कि कुलपति अपने कार्यालय से निकलते वक्त और एक छात्र अपनी कक्षा से बाहर निकलते ही पंखे, बल्ब, एसी आदि के स्विच आफ कर दें। राज्यपाल ने कहा कि मैंने राजभवन में बिजली के बिल में 30 फीसद की बचत की है। विश्वविद्यालय और कालेज अपने यहां 20 फीसद की बचत शुरू करें।

राज्यपाल ने भूगर्भ जल स्तर को उठाने के लिए वर्षा के जल के संचयन पर जोर दिया। कहा कि नदियों के शुद्धीकरण के लिए विवि को आगे आकर योजना बनानी होगी। पर्यावरण संरक्षण को लेकर कहा कि विश्वविद्यालय और कालेजों के परिसरों को ग्रीन कैंपस बनाओ। ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपें। छात्र अपनी सामाजिक जिम्मेदारी भी समझें। विश्वविद्यालय स्तर पर रक्तदान शिविर लगाए जाएं। उन्होंने इन सबके लिए एक महीने में ब्लूप्रिंट तैयार करने को कहा।



आगरा : डा. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से वार्ता करते मुख्य अतिथि स्वामी चिदानंद सरस्वती • जागरण